लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
अश्विन कृष्ण पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2080
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
वर्ष 4, अंक 319, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये
बरेली, मंगलवार, 3 अक्टूबर 2023

PAGE NO : 05 BOTTOM

कई लोग राममूर्ति अलंकरण से सम्मानित

कार्यालय संवाददाता , बरेली

श्रीराममूर्ति की पुण्यतिथि पर समारोह में सम्मानित किए गए छात्र। • अमृत विचार

अमृत विचार : स्वतंत्रता सेनानी और पूर्व मंत्री श्रीराम मूर्ति की 35वीं पुण्यतिथि पर एसआरएमएस में समारोह का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षाविद डॉ. वेदवती रविंद्र जोगी, सामाजिक कार्यकर्ता समीर कुमार मिश्रा, इसरो में वैज्ञानिक पायल अग्रवाल और अभिलाषा अग्रवाल को राम मूर्ति अलंकरण से सम्मानित किया।

श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देवमूर्ति ने पुण्यतिथि पर रोबोटिक सर्जरी सेंटर आम लोगों को समर्पित किया। उन्होंने ट्रस्ट के शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिभाशाली नौ बच्चों की फीस माफ करने की भी घोषणा की। इस योजना के लिए 1 करोड़ 27 लाख का बजट रखा है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की स्थापना

• शैक्षणिक संस्थाओं के मेधावी विद्यार्थियों को करीब 3.5 करोड़ की छात्रवृति का वितरण

के साथ ही 1990 में छात्रवृत्ति देना शुरू की। यह राशि आज 3.5 करोड़ रुपये पहुंच गई। इसे 4.5 करोड़ ले जाने का लक्ष्य रखा है। इससे पहले जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, अंबिका मूर्ति, सुभाष मेहरा, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बुटोला, प्रो. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एलएस मौर्य, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. नसीम अख्तर ने भी श्री राममूर्ति को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर डॉ. सोवन मोहंती, डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, डॉ. अनुज कुमार मौजूद रहे।